हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

04 पुलिस पंचायत में अपनों के दंश से पीड़ित व व्यथित सीनियर सिटीजनों ने ...



07 वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय बालिका गंभीर घायल हुई



सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

खबर संक्षेप

अधिकारियों पर जुर्माना

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। लोक सेवा गारंटी के तहत निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान नहीं करने पर जिले के अधिकारियों पर जुर्माना लगाया गया है। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी आवेदनों का निराकरण नहीं किया गया था। द्वितीय अपीलीय अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पाडलिया के पदाभिहित अधिकारी बदामी लाल माझी द्वारा जन्म का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत सीलकंठ के राधेश्याम पंवार द्वारा मृत्यु का प्रमाण पत्र तथा ग्राम पंचायत झाली के सुआलाल बारेला द्वारा जन्म का प्रमाण पत्र निर्धारित समय-सीमा में प्रदान नहीं किया गया। इस कारण संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर 250-250 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ग्राम पंचायतों के सचिव, विभागीय पदाभिहित अधिकारियों द्वारा अधिरोपित जुर्माने की राशि नियमानुसार संबंधित मद में जमा कराकर उसकी दो प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध कराएं। लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है।

ठंडे बस्ते में विकासखंड अकादमिक समन्वयक और जनशिक्षक पदों की भर्ती ! 20 दिन पहले हो चुके हैं सहमति पत्र जमा

शिक्षकों से जमा कराए सहमति पत्र, नहीं हुई काउंसलिंग
प्रभारी डीपीसी बोले: सीईओ मैडम के पास है फाइल

इस पूरे मामले में जब जिला शिक्षा केंद्र की स्थिति जानने के लिए बातचीत की गई तो विभाग का टालमटोल वाला रवैया खुलकर सामने आ गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला शिक्षा विभाग में सुस्त कार्यप्रणाली का एक नया नमूना देखने को मिल रहा है। जिले के विकासखंडों में महत्वपूर्ण समझे जाने वाले विकासखंड अकादमिक समन्वयक और जनशिक्षक के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया इन दिनों पूरी तरह ठंडे बस्ते में जाती नजर आ रही है। शिक्षकों से सहमति पत्र जमा कराए 20 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन विभाग काउंसलिंग की तिथि तय करने की सुध तक नहीं ले रहा है।

इस पूरे मामले में जब जिला शिक्षा केंद्र की स्थिति जानने के लिए बातचीत की गई तो विभाग का टालमटोल वाला रवैया खुलकर सामने आ गया। वर्तमान में डीपीसी आरआर उइके अवकाश पर चल रहे हैं, जिसके चलते डीपीसी का प्रभार चंद्रशेखर वर्मा के पास है। काउंसलिंग की तारीख और देरी के संबंध में जब प्रभारी डीपीसी चंद्रशेखर वर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया की फाइल जिला पंचायत सीईओ मैडम के पास है। इस जवाब से साफ जाहिर होता है कि विभाग की फाइलें एक टेबल से दूसरी टेबल के बीच घूम रही हैं और शिक्षक तारीख का इंतजार करने को मजबूर हैं।

20 दिन पहले मंगाए गए थे सहमति पत्र

उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा केंद्र सीहोर ने 22 सितंबर को एक आदेश जारी किया था। इसके तहत जिले के सभी विकासखंडों में अकादमिक समन्वयक और जनशिक्षक के रिक्त पदों को भरने के लिए 25 और 26 सितंबर को जनपद शिक्षा केंद्रों में शिक्षकों से सहमति पत्र जमा कराए गए थे। बीआरसीसी स्तर पर इन आवेदनों की छंटनी कर सूची तैयार की गई और जिला शिक्षा केंद्र को भेज दी गई।

नियमानुसार सहमति पत्रों की जांच के बाद काउंसलिंग की तारीख घोषित होनी थी, फिर चयन समिति की बैठक कर वरिष्ठता के आधार पर पदस्थापना आदेश जारी होने थे, लेकिन शुरुआती कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही पूरी फाइल अटक गई।



पहले भी रद्द हो चुकी है प्रक्रिया

यह पहली बार नहीं है जब काउंसलिंग में हीला-हवाली की जा रही हो। इससे पहले भी 5 अगस्त 2026 को काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसे अचानक अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर रद्द कर दिया गया था, इसके बाद राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से मार्गदर्शन भी मांगा गया। शिक्षक संगठनों के विरोध और दबाव के बाद सितंबर के अंत में दोबारा सहमति पत्र तो ले लिए गए, लेकिन अब काउंसलिंग की तारीख तय न होने से शिक्षकों के हाथ सिर्फ निराशा लगी है।

शिक्षक संगठनों की चेतावनी जल्द घोषित हो तारीख

बार-बार तारीखें टलने और प्रशासनिक लापरवाही के चलते आवेदकों और शिक्षक संगठनों में गहरा रोष है। शिक्षक संगठनों ने जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत सीईओ से मांग की है कि बिना किसी और देरी के तत्काल नियुक्ति समिति की बैठक बुलाई जाए और काउंसलिंग की समय-सारणी घोषित की जाए, ताकि स्कूलों में अकादमिक व्यवस्था समय पर सुधर सके और पात्र शिक्षकों को न्याय मिल सके।

भोपाल-इंदौर मार्ग पर खड़ी वैन में अचानक लगी आग धूं-धूं कर जली गाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल-इंदौर हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी एक वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वैन आग की लपटों से घिर गई। घटना के समय वाहन में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

वाहनों में आग लगने की घटनाओं पर चिंता

जानकारी के मुताबिक, वैन में आग लगने की घटना एक शैक्षणिक संस्थान के पास हुई। यहां स्कूली बच्चों और राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है।

आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वाहनों में आग लगने की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। उन्होंने प्रशासन से ऐसी घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा इंतजामों पर ध्यान देने की मांग की है।

भोपाल संभागायुक्त ने ग्राम कोसमी पहुंचकर वन भूमि से हटाए गए अतिक्रमण की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा बुधवार को भैरूंदा तहसील के ग्राम कोसमी पहुंचे। उन्होंने गत दिवस वन क्षेत्र से हटाए गए अतिक्रमण की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। संभागायुक्त श्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान संबंधित परिवार से चर्चा कर जानकारी ली। संभागायुक्त श्री शर्मा ने निरीक्षण के पश्चात ग्राम पंचायत भवन में संबंधित परिवारो और अन्य व्यक्तियों से चर्चा कर इस मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, एसडीएम सुधीर कुशवाह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



डेढ़ महीने में 35 पटाखा बुलेट पर कार्रवाई, 1.75 लाख जुर्माना वसूला

सीहोर। शहर में शहर में पटाखों जैसी तेज और कर्कश आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। मंगलवार को विशेष चेकिंग अभियान के दौरान 6 बुलेट चालकों पर 30 हजार रुपए का चालानी जुर्माना लगाया गया। साथ ही वाहनों से मॉडिफाइड साइलेंसर हटवाए गए। पिछले डेढ़ महीने में पुलिस ऐसी 35 बुलेट पर कार्रवाई कर 1 लाख 75 हजार रुपए का जुर्माना वसूल चुकी है। पुलिस के अनुसार, बुलेट में अवैध रूप से मॉडिफाइड सायलेंसर लगाकर तेज आवाज निकालने की शिकायतें मिल रही थीं। इससे आम लोगों के साथ बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी होती है। शिकायतों के बाद कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। पहले 25 बुलेट पर हो चुकी कार्रवाई: कोतवाली पुलिस इससे पहले करीब 25 बुलेट पर कार्रवाई कर वाहन चालकों से 1 लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना वसूल चुकी थी। अब 6 बुलेट पर कार्रवाई के बाद डेढ़ महीने में कुल संख्या 35 तक पहुंच गई है। पुलिस ने सायलेंसर हटवाने के साथ वाहन चालकों को दोबारा ऐसा बदलाव नहीं कराने की हिदायत दी है। आगे भी जारी रहेगी चेकिंग: थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने कहा कि शहर की शांति भंग करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित मानकों के अनुरूप सायलेंसर इस्तेमाल करने और अनधिकृत बदलाव नहीं कराने की अपील की है। तेज आवाज से परेशानी: मॉडिफाइड सायलेंसर से निकलने वाली तेज और अचानक आवाज ध्वनि प्रदूषण बढ़ाती है। इससे बुजुर्गों और मरीजों को परेशानी, बेचैनी और नींद में बाधा हो सकती है। निर्धारित मानकों से अधिक आवाज करने वाले या अनधिकृत बदलाव वाले सायलेंसर पर मोटर वाहन नियमों के तहत कार्रवाई हो सकती है। वाहन चालकों को कंपनी के निर्धारित सायलेंसर का इस्तेमाल करना चाहिए।

हरिभूमि की खबर का असर : गणेश उत्सव के अवशेषों से पटे कुंड की हुई सफाई

अलर्ट हुआ नपा अमला, जेसीबी से साफ किया विसर्जन कुंड, अब स्वच्छ पानी में विसर्जित होंगी देवी प्रतिमाएं



सीहोर। धार्मिक आस्था और शहर की स्वच्छता को लेकर हरिभूमि की खबर का एक बार फिर असर देखने को मिला है। नगर पालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण गणेश उत्सव के अवशेषों से पटे पड़े विसर्जन कुंड को लेकर हरिभूमि ने 14 अक्टूबर के अंक में 'गणेश उत्सव के अवशेषों से पटा पड़ा विसर्जन कुंड, गंदगी में कैसे होगी मां दुर्गा की विदाई' शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी।

खबर प्रकाशित होने के ठीक उसी दिन यानी 14 अक्टूबर को नगर पालिका अमला पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आया। नपा की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर विसर्जन कुंड की सफाई का मोर्चा संभाला और जेसीबी की मदद से कुंड में पड़े गणेश प्रतिमाओं के अवशेषों, टूटे टुकड़ों और मलबे को बाहर निकाला।

यह थी स्थिति : बता दें जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के समीप नगर पालिका द्वारा बनाए गए विसर्जन कुंड की हालत इन दिनों बेहद दयनीय हो गई थी। गणेश उत्सव समाप्त हुए काफी समय बीत चुका था, लेकिन उस दौरान विसर्जित की गई प्रतिमाओं के अवशेष, टूटे हुए टुकड़े, पूजा की सामग्रियां, फूल मालाएं,खाली प्लास्टिक की बोतलें और भारी कचरा कुंड में जस के तस पड़े हुए थे। चिंताजनक सवाल यह था कि शहर में शक्ति की आराधना का पावन पर्व नवरात्रि जारी है, जिसके समापन यानी नवमी और दशहरे पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं का विसर्जन इसी कुंड में होना था। ऐसे में गंदे और दूषित माहौल में देवी मां की प्रतिमाओं की विदाई को लेकर नागरिकों और धर्मप्रेमियों में चिंता थी। कुंड का पानी सड़ रहा था और उसमें अवशेष तैर रहे थे। इसके अलावा पर्यावरण और स्वच्छता के लिए समर्पित सीवन पुत्र टीम द्वारा रखा गया विसर्जन पात्र भी कचरे से लबालब भरा हुआ था।

हरिभूमि में दिनांक 14.10.26 को प्रकाशित खबर


नगर पालिका की घोर लापरवाही : टाउन हॉल के पास बना कुंड बना कचरे का ढेर

गणेश उत्सव के अवशेषों से पटा पड़ा विसर्जन कुंड, गंदगी में कैसे होगी मां दुर्गा की विदाई !

हरिभूमि की खबर के बाद प्रशासन ने दिखाई मुस्तैदी

जैसे ही हरिभूमि ने शहर की इस गंभीर समस्या और जनभावनाओं को अखबार में प्रमुखता से उकेरा, नगर पालिका प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। मामले की गंभीरता को समझते हुए 14 अक्टूबर को ही नगर पालिका का अमला जेसीबी मशीन और स्वच्छता कर्मियों के साथ टाउन हॉल के पास स्थित विसर्जन कुंड पर जा पहुंचा। नपा की टीम ने युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाते हुए कुंड के अंदर महीनों से जमे कचरे, सड़ी-गली पूजन सामग्री और गणेश प्रतिमाओं के अवशेषों को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। कुंड के आसपास बिखरे कचरे को भी साफ किया गया, जिससे अब नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरी गरिमा, पवित्रता और विधिवत तरीके से किया जा सकेगा।

आज आस्था और उत्साह के साथ निकलेगी भव्य चुनरी यात्रा

झांकियों, अखाड़ों और उज्जैन के कलाकारों की प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में गुरुवार को मां जगदंबा के प्रति आस्था और श्रद्धा का प्रतीक भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह 10:30 बजे प्रसिद्ध शक्तिपीठ करौली वाली माता मंदिर से विधि-विधान के साथ चुनरी यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा और श्रद्धालु शामिल होकर मां के जयकारे लगाते हुए अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे। इस वर्ष माता रानी को 151 मीटर लंबी भव्य चुनरी अर्पित की जाएगी। यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष एवं हिंद रक्षक युवा समिति के संरक्षक प्रिंस राठौर ने बताया कि प्रसिद्ध शक्तिपीठ करौली वाली माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्रि के दौरान यहां बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से चुनरी यात्रा में शामिल होकर मां जगदंबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। चुनरी यात्रा की परंपरा पिछले 14 वर्षों से लगातार जारी है। इस दौरान हजारों महिलाएं और श्रद्धालु यात्रा में शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट करते रहे हैं। आयोजन धार्मिक श्रद्धा के साथ सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी जोड़ता है। सभी क्षेत्रवासियों, मातृशक्ति, युवाओं और धर्मप्रेमी नागरिकों से गुरुवार सुबह 10:30 बजे करौली वाली माता मंदिर पहुंचकर चुनरी यात्रा में सहभागी बनने की अपील की है। मां जगदंबा को 151 मीटर लंबी चुनरी अर्पित करने, झांकियों, अखाड़ों और कलाकारों की प्रस्तुतियों के बीच निकलने वाली यह यात्रा नवरात्रि के उत्साह और भक्ति का संदेश देगी। चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों के शामिल होने की संभावना है। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की आराधना और चुनरी अर्पित करने की परंपरा के बीच यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। यात्रा में दुर्गावाहिनी की बालिकाएं भी शामिल होंगी। मां के जयकारों, भक्ति गीतों और श्रद्धालुओं की सहभागिता से शहर का वातावरण भक्तिमय बनेगा। यात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियां, अखाड़े और उज्जैन से आने वाले कलाकारों की प्रस्तुतियां भी शामिल रहेंगी। कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक प्रस्तुत करेंगे। अखाड़ों के प्रदर्शन और झांकियों के जरिए यात्रा को विशेष स्वरूप दिया जाएगा। चुनरी यात्रा के स्वागत के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की ओर से मंच तैयार किए गए हैं। इन मंचों से यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। आयोजन को लेकर विभिन्न स्तरों पर तैयारियां की गई हैं, ताकि यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक वातावरण मिल सके और कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न हो। 151 मीटर लंबी चुनरी मां करौली वाली को अर्पित करना इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

नवरात्रि में भी अंधेरे में डूबे सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्र, जनप्रतिनिधि दें जवाब: हरपाल ठाकुर



सीहोर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य हरपाल ठाकुर ने नवरात्रि के पावन पर्व पर सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर भाजपा सरकार और जिले के जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार सहित जिले के विधायकों और सांसदों से पूछा है कि जब मां शक्ति की आराधना का पावन पर्व चल रहा है, तब ग्रामीण क्षेत्रों में रात-रात भर बिजली कटौती क्यों की जा रही है।

किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

हरपाल ठाकुर ने कहा कि सीहोर, आष्टा, इछावर और बुधनी सहित जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किसान और आम नागरिक बिजली कटौती से परेशान हैं। रात में बार-बार बिजली गुल होने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। किसानों को खेती-किसानी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई और नवरात्रि की आराधना भी प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी पहल क्यों नहीं की जा रही है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सवाल किया कि आखिर ग्रामीण जनता को रातभर बिजली के लिए परेशान क्यों होना पड़ रहा है? जनता ने अपने प्रतिनिधियों को चुनकर विधानसभा और संसद तक पहुंचाया है, इसलिए उसकी समस्याओं का समाधान कराना भी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। ठाकुर ने मांग की कि जिले के सभी जनप्रतिनिधि अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा प्रमुखता से उठाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए ठोस निर्णय कराएं। उन्होंने कहा कि जब तक समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते, तब तक जनप्रतिनिधियों को इस मुद्दे पर गंभीरता से प्रयास करते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा, जनता को भाषण नहीं, निर्बाध बिजली चाहिए। किसानों को आश्वासन नहीं, राहत चाहिए। जनप्रतिनिधियों को अब अपनी जवाबदेही निभानी होगी। नवरात्रि में मां शक्ति की आराधना के बीच ग्रामीण जनता को अंधेरे में रखना आखिर कब तक चलेगा। हरपाल ठाकुर ने ग्रामीण जनता से अपील की कि यदि बिजली कटौती की समस्या जारी रहती है, तो नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से कलेक्टर, एसडीएम, विधायकों और सांसदों के निवास के सामने थाली बजाकर विरोध दर्ज कराएं, ताकि जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों तक जनता की परेशानी की आवाज पहुंच सके।

खबर संक्षेप



ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रों का आयोजन

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 229 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 229 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में शून्य से 1 वर्ष तक के 1105 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 486 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 198 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

40 विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन केंद्र का शैक्षणिक किया भ्रमण

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद पीजी



महाविद्यालय सीहोर के प्राणी शास्त्र एवं एक्वाकल्चर विभाग के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ रोहिताश कुमार शर्मा के संरक्षण में एमएससी एवं बीएससी के लगभग 40 विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन केंद्र जमुनिया का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मत्स्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर प्रशांत हर्ष ने बताया कि जमुनिया तालाब स्थित मत्स्य पालन केंद्र में मछलियों की कौन-कौन सी प्रजातियां का पालन किया जाता है। इसमें रोजगार एवं अच्छी आय कैसे प्राप्त की जा सकती है तथा विद्यार्थियों ने नर्सरी मे ब्रीडिंग स्टॉकिंग पॉड एवं चाइनीस हेचरी के बारे में भी जानकारी प्राप्त की शैक्षणिक भ्रमण में प्राणी शास्त्र विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. कमलेश अहिरवार डॉ नितिन बातव प्रो. श्याम कुमार प्रो. विभू सोनिया प्रो. सीनिक सिंह एवं प्रयोगशाला तकनीशियन वैभव बड़ौनिया उपस्थित रहे।

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक

सीहोर। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे।

मकान पर कब्जा कर बेटे ने किया प्रताड़ित पंचायत ने विवाद के मामले की सुनवाई

पुलिस पंचायत में अपनों के दंश से पीड़ित व व्यथित सीनियर सिटीजनों ने सुनाईं अपनी-अपनी व्यथाएं

बैठक के दौरान विभिन्न प्रकरणों में एक बार फिर समाज का विखरता ताना माना हुआ प्रदर्शित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर गठित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की बैठक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे के नेतृत्व में कोर कमेटी सदस्य अनिल पालीवाल, साधु राम शर्मा, कमल सिंह ठाकुर, विपुल चांडक की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के दौरान विभिन्न प्रकरणों में एक बार फिर समाज का विखरता ताना माना हुआ प्रदर्शित। अपनों के दंश से पीड़ित सीनियर सिटीजन ने सुनाई अपनी व्यथाएँ।

प्रकरण क्रमांक 1

ग्रामीण क्षेत्र के 70 वर्षीय सीनियर सिटीजन ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके 4 लड़के बहु तथा भरा पूरा परिवार है, लेकिन भाइयों के आपसी विवाद के चलते माता पिता की सेवा ,भरण पोषण तथा रखरखाव के लिए उनकी जमीन पर खेती को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। सब एक दूसरे की जिम्मेदारी बताकर उन्हें परेशान होने पर मजबूर करते हैं। सुनवाई के दौरान पंचायत आनावेदकों को स्पष्ट किया कि किसी भी बुजुर्ग व्यक्ति का बसीयत का अधिकार पूर्ण तथा अंतिम है वे जब चाहें जिसे चाहे अपना वारिस बना सकते हैं, जीवन के किसी भी मोड़ पर उनके पसंदीदा तथा उनकी विधिवत देखभाल करने वाले के नाम अपनी जमीन आदि कर सकते हैं। पंचायत ने बताया कि यदि बेटे उनकी देखभाल नहीं कर पा रहे तो वह किसी और को अपनी जमीन देकर खेती करा सकते हैं तथा अपना वर्ण पोषण कर सकते हैं। लेकिन यह स्थिति परिवार की दृष्टि से दृष्टि से उचित प्रतीत नहीं होती।

दोनों पक्षों के तर्क तथा पंचायत के परामर्श उपरांत सहमति दर्ज हुई की अब माता पिता के भरण पोषण इलाज में कोई दिक्कत नहीं होगी। उनकी निर्धारित जमीन पर खेती करने वाला बेटा वर्ष भर का एडवांस पहले देगा। तथा सभी लोग पृथक से इलाज भरण पोषण हेतु मिलकर कार्य करेंगे।

प्रकरण क्रमांक 2

इंदौर निवासी सीनियर सिटीजन ने शिकायत दर्ज कराई की। उनके द्वारा तीन साल पहले ग्रामीण क्षेत्र में इसे जमीन का सौदा करके 50 लाख की रकम दी थी तथा एग्रीमेंट किया था। बाद में जमीन का सौदा नहीं हो पाया तथा दिया गया पैसा वापस नहीं हो पा रहा है। पंचायत में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया। अनावेदक पक्ष ने बताया कि सौदा टूटने से हुए नुकसान की भरपाई करनी पड़ेगी तथा बड़ी राशि इस रूप में खर्च हुई है। आवेदक पक्ष ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया। पंचायत के द्वारा प्रकरण में नैतिकता के मूल्यों के अनुरूप दोनों पक्षों को आपस में सहमति कर प्रकरण का निराकरण करना चाहिए। प्रकरण में दीर्घ परामर्श उपरांत दोनों पक्ष वापसी की राशि को लेकर सहमत नहीं हुए। पंचायत के द्वारा प्रकरण के विधिक पक्ष पर विस्तार से चर्चा हेतु समय निर्धारित किया गया।

प्रकरण क्रमांक 3

कस्बा क्षेत्र निवासी एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी पत्नी की मृत्यु के बाद उन्होंने दूसरी शादी की तथा उनके मकान में उनके दोनों बेटे तथा वह रहते थे। बेटे के द्वारा परेशान करने झगड़ा करने से वह घर छोड़कर जाने को मजबूर हुए। प्रकरण की सुनवाई के दौरान, दोनों पक्षों ने अपना पक्ष प्रदर्शित किया तथा अनवेदक ने बताया कि पिता की दूसरी शादी के कारण वह व्यथित था। पंचायत के द्वारा परामर्श दिया गया कि चूंकि मकान आवेदक के द्वारा बनाया गया है, अतः उसका अधिकार पूर्ण है, वो जिस प्रकार चाहे अपने मकान में रह सकता है तथा बेटा उन्हें परेशान नहीं कर सकता पंचायत की परामर्श पर दोनों पक्षों में सहमति दर्ज हुई तथा निर्धारित हुआ कि पिता अपने हिसाब से मकान का रेनोवेशन कराएंगे तथा छोटे बेटे की शादी करेंगे। मकान में आवेदक के अनुसार निर्धारित कमरे में बेटे तथा अन्य लोग रहेंगे आवेदक भी अपने हिसाब से निवास करेगा। परामर्श पर दोनों पक्ष राजी हुए तथा अनवेदक ने सहमति जताई कि न तो वह पिता से लड़ेगा, ना ही वह उन्हें किसी प्रकार से परेशान करेगा। अन्य प्रकरणों में भी सुनवाई की गई कुछ में आगामी तिथि का निर्धारण तथा कुछ में किन्हीं पक्षों की उपस्थिति या दस्तावेज आदि के लिए निर्धारण किया गया।

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी व एडिनबर्ग विश्वविद्यालय ने अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षणिक अवसरों के लिए एमओयू साइन किया

सीहोर। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों के लिए 2+2 और 2+3 शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत, यूनाइटेड किंगडम स्थित एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के अंतर्गत विद्यार्थी अपनी डिग्री के प्रारंभिक चरण की पढ़ाई वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में पूरी करने के बाद, एडिनबर्ग विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रगति तथा प्रवेश संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन, वहाँ के निर्धारित कार्यक्रमों में आगे अध्ययन कर सकेंगे।

क्या रहेगा पाथवे प्लान

2+2 शैक्षणिक मार्ग के अंतर्गत विद्यार्थी वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में दो वर्ष अध्ययन करेंगे, जिसके बाद वे एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में अगले दो वर्ष की पढ़ाई करेंगे। वहीं, 2+3 शैक्षणिक मार्ग के अंतर्गत विद्यार्थी वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में दो वर्ष अध्ययन करने के बाद एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में तीन वर्ष की पढ़ाई कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की पात्रता एवं प्रवेश संबंधी निर्धारित शर्तों के आधार पर, इन मार्गों के माध्यम से विद्यार्थी एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर विज्ञान विषयों के निर्धारित बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग और मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग और कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आगे बढ़ सकेंगे।

शैक्षणिक और सांस्कृतिक माहौल का अनुभव: ये शैक्षणिक मार्ग पात्र विद्यार्थियों को एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में आगे की पढ़ाई जारी रखने का एक सुव्यवस्थित विकल्प प्रदान करेंगे, बशर्ते वे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रवेश मानदंडों को पूरा करें। इससे विद्यार्थियों को वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में अर्जित अपने शैक्षणिक आधार को और सुदृढ़ करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने तथा एक नए शैक्षणिक और सांस्कृतिक परिवेश से परिचित होने का अवसर मिलेगा।



क्या कहा वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर ने

इस साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, वाइस-चांसलर प्रो. डॉ. सतीश कुमार मोढ़ ने कहा,वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में हमारा ध्यान ऐसे शैक्षणिक मार्ग विकसित करने पर है, जो विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की योजना बनाने में अधिक स्पष्टता प्रदान करें। एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के साथ यह सहयोग पात्र विद्यार्थियों को वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में मजबूत शैक्षणिक आधार तैयार करने के बाद विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई आगे जारी रखने का सुव्यवस्थित अवसर प्रदान करता है। इससे विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक परिवेश का अनुभव प्राप्त होगा और उनके सीखने का दायरा भी व्यापक होगा।

क्या कहा यूनिवर्सिटी ऑफ़ एडिनबर्ग की पार्टनरशिप मैनेजर ने

एडिनबर्ग विश्वविद्यालय की पार्टनरशिप्स मैनेजर, फ्रांसेस्का कोट्स ने कहा, "विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा तक पहुँचने के सार्थक अवसर प्रदान करने वाली साझेदारियाँ हमारी वैश्विक सहभागिता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के साथ हमारा सहयोग विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक अनुभव का विस्तार करने तथा एक अलग शैक्षणिक और सांस्कृतिक परिवेश से जुड़ने का अवसर देता है। हम विद्यार्थी गतिशीलता, ज्ञान के आदान-प्रदान और दोनों संस्थानों के बीच गहन शैक्षणिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए मिलकर कार्य करने के इच्छुक हैं।

ग्लोबल रिसर्च और इनोवेशन इकोसिस्टम से जुड़ने का मौका

ये शैक्षणिक अवसर विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक अनुभव प्राप्त करने तथा एक भिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक परिवेश को समझने का अवसर देंगे। एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में आगे अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को वहाँ के वैश्विक शोध एवं नवाचार तंत्र से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा, जिससे उनके शैक्षणिक दृष्टिकोण और सीखने के अनुभव व्यापक होंगे। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच निरंतर शैक्षणिक सहभागिता को और सुदृढ़ करता है तथा विद्यार्थी एवं अकादमिक सहयोग के भविष्य के अवसरों की संभावनाएं तलाशने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ़ एडिनबर्ग का वैश्विक महत्व : 1583 में स्थापित एडिनबर्ग विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालीन उपस्थिति वाला विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान है। विश्वविद्यालय विविध शैक्षणिक कार्यक्रम प्रदान करता है और यहाँ विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों का एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय है। शिक्षण, शोध और शैक्षणिक सहयोग पर इसका विशेष ध्यान है। यह समझौता वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारियों का विस्तार करने और विद्यार्थियों के लिए वैश्विक शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के सुव्यवस्थित अवसर सृजित करने के प्रयासों की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे सहयोगों के माध्यम से विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा, शैक्षणिक आदान-प्रदान और विद्यार्थी गतिशीलता के अवसरों का विस्तार कर रहा है।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला दहन किया

कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च, एसडीएम कार्यालय के पास पुलिस से हुई झड़प

बुधनी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुधनी के नेतृत्व में नगर में पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के समीप पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की स्थिति भी बनी।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर ब्लॉक एवं मंडलम स्तर पर लगातार विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर में पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके इस्तीफे की मांग उठाई। एसडीएम कार्यालय के समीप पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प होने से कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शन में पूर्व पार्षद अजय यादव,मंजीत सिंह राजपूत, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, मंडलम अध्यक्ष राकेश यादव,प्रमोद चौहान,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे,दिनेश सिंह राजपूत,इंटक जिला अध्यक्ष आमिर पटेल,हेमंत वर्मा,रिंकू दुबे, अक्षत यादव, सुशील मीणा, प्रकाश चंद्र दायमा, दीपक परसोंन, श्रवण दीवान, बालवीर चौहान, विशाल यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोयत और हाथरस के कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

बुधनी। समीपस्थ ग्राम जोशीपुर में श्री नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में सामुदायिक भवन में भजन संध्या का आयोजन किया गया। धार्मिक भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन के दौरान श्री महावीर भजन मंडल सोयत के शंभू चौबे और श्री बजरंग भजन मंडल हाथरस,उत्तर प्रदेश के राजू मस्ताना ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया रात्रि 10 बजे शुरू हुआ। भजन-कीर्तन का यह सिलसिला देर रात करीब 2:30 बजे तक जारी रहा भजनों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए समिति द्वारा प्रतिवर्ष धार्मिक भजन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हैं। कार्यक्रम में नवदुर्गा उत्सव समिति के मनोज सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह राजपूत, संजय राजपूत, रोमहर्ष राजपूत, शुभम राजपूत, कुणाल राजपूत, मयंक सिंह राजपूत, आकाश राजपूत, विशाल राजपूत, अमन सिंह राजपूत, हेमंत चौहान, पिंकू राजपूत सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



20 दिन से आवासीय खेल मैदान पर जारी है गरबा का अभ्यास

गरबा की भक्ति में भावुक हुईं अरुणा सुदेश राय, नन्ही बालिका को सीने से लगाकर दुलारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि मां जगदंबा की आराधना, आस्था और भावनाओं से जुड़ा उत्सव है। जब भक्ति के इसी रंग में ममता का भाव घुल जाए, तो दृश्य दिल को छू जाता है। सीहोर के आवासीय खेलकूद मैदान पर चल रहे क्रिसेंट गरबा महोत्सव एवं अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच के प्रशिक्षण के दौरान ऐसा ही भावुक पल देखने को मिला, जब अरुणा सुदेश राय एक नन्ही बालिका को स्नेह से अपने गले से लगाकर भावुक हो उठीं।

पिछले 20 दिनों से लगातार जारी गरबा प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में बालिकाएं और महिलाएं उत्साह के साथ भाग ले रही हैं। यहां हर दिन मां दुर्गा की आराधना, पारंपरिक गरबा और डांडिया की तैयारियों के बीच आत्मविश्वास, अनुशासन और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

इसी प्रशिक्षण के दौरान एक नन्ही बालिका के प्रति अरुणा सुदेश राय का स्नेह उमड़ पड़ा। उन्होंने बच्ची को प्यार से अपने करीब लिया, उसके सिर पर हाथ रखा और उसे दुलार किया। तस्वीर में कैद यह पल स्नेह, अपनत्व और भावनात्मक जुड़ाव की खूबसूरत कहानी बयां कर रहा है।

गरबा के रंगों के बीच ममता की अनमोल तस्वीर : भव्य आयोजन, संगीत और डांडिया की खनक के बीच यह दृश्य बताता है कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन केवल मंच और प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं होते, बल्कि लोगों के बीच आत्मीयता और रिश्तों का जुड़ाव भी मजबूत करते हैं। अरुणा सुदेश राय का नन्ही बालिका के प्रति स्नेह आयोजन के मानवीय पक्ष को सामने लाता है। क्रिसेंट गरबा महोत्सव में प्रशिक्षण लेने पहुंच रहीं बालिकाओं और महिलाओं के लिए यह आयोजन अपनी प्रतिभा निखारने के साथ भारतीय संस्कृति, परंपरा और मां दुर्गा की आराधना से जुड़ने का माध्यम बना हुआ है। गरबा की लय और भक्ति के बीच सामने आया यह भावुक क्षण आयोजन की यादगार तस्वीरों में शामिल हो गया।

किसानों और व्यापारियों के हितों से समझौता बर्दाश्त नहीं : पंकज शर्मा



सीहोर। मंगलवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कृषि उपज मंडी कार्यालय पहुंचकर मंडी सचिव नरेंद्र माहेश्वरी से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मंडी प्रांगण की विभिन्न समस्याओं की ओर सचिव का ध्यान आकर्षित कराया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर कृषि उपज मंडी में कई समस्याएं हैं, जिनसे यहां आने वाले कृषकों, व्यापारियों और आम जनता को।काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां प्रमुख रूप से बेसहारा मवेशियों की बड़ी समस्या है, जिससे यहां आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं का भी काफी अंदेशा बना रहता है, लेकिन यहां मौजूद गार्डों का इस ओर कोई ध्यान नहीं रहता और गार्डों की इस मनमानी का खामियाजा सभी लोगों को भुगतना पड़ता है तथा गार्डों की लापरवाही और मनमानी से यहां की सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित होती है। पंकज शर्मा ने कहा कि इसके अलावा यहां साफ-सफाई और पेयजल के इंतजाम भी नाकाफी हैं, जिससे लोग काफी मुसीबत झेलते हैं और उनको पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है तथा गंदगी होने से बीमारियां फैलने का भी खतरा रहता है। पंकज शर्मा ने मंडी सचिव से तत्काल इन सभी समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में यहां आने वाले कृषकों व्यापारियों को और आम जनता के हितों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि जल्द ही ये सभी समस्याएं सुलझाई नहीं गईं तो किसानों, व्यापारियों और आम जनता के हित में कांग्रेसजन उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी मंडी प्रशासन के लचर रवैए की होगी।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण के सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि खसरा क. 854/1 रकबा 1902 हेक्टेयर कृषि भूमि स्थित कस्बा आष्टा तहसील आष्टा जिला सीहोर जो कि दिलीप कुमार संचेती पिता श्री छगनलाल संचेती जाति जैन निवासी गली नं. 04 शुभ मंगल शगुन गार्डन के पास शान्ति नगर आष्टा तहसील आष्टा जिला सीहोर के स्वामित्व आधिपत्य एवं कब्जे की है मे से 0.809 हेक्टेयर यानि 2 एकड भूमि जिसकी चतुर सीमाएँ इस प्रकार है पूर्व दिशा में जगमालपुर की काकड, पश्चिम दिशा में श्याम डेवलोपर की भूमि उत्तर दिशा में अर्चना नवनीत कुमार संचेती की 2 एकड 20 डेसीमल भूमि दक्षिण दिशा में शेख शफी की भूमि कय करने का सौदा कर लिया है जिसके बयाना पेटे मेरे पक्षकार द्वारा राशि भी अदा कर दी है। उक्त भूमि पर किसी शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, बैक, सोसायटी, व्यक्तिगत संस्था, अन्य का किसी प्रकार का कोई हित स्वत्व संबंध या किसी प्रकार का कोई लेन-देन अथवा उक्त सम्पत्ति कही रहन, भार, सामयिक बंधक आदि हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन के पन्द्रह दिवस (15 दिवस) की अवधि मे मय प्रमाण-पत्र सहित दस्तावेज लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार अपने नाम रजिस्टर्ड विकय पत्र सम्पादित करा लेगा। जिस पर किसी प्रकार के दावा स्वत्व आपत्ति बंधनकारी नही होगी और यह समझा जावेगा की प्रकाशन में दी गई जानकारी सर्व साधारण को स्वीकार है।

भवदीय: सुधीर कुमार जोशी, एडवोकेट
आष्टा जि. सीहोर म.प्र.
मो. 9303252622

यूनिसेफ के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने किया राजगढ़ जिले का भ्रमण

बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों के संरक्षण व परिवार सशक्तीकरण के प्रयासों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा परिवारों के सशक्तीकरण के उद्देश्य से जिले में किए जा रहे प्रयासों का जायजा लेने के लिए यूनिसेफ के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने राजगढ़ जिले का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, किशोरों एवं युवाओं, विभिन्न शासकीय विभागों, न्यायिक अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से संवाद कर बाल संरक्षण की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में सुश्री शीमा सेन गुप्ता, ग्लोबल डायरेक्टर, चाइल्ड प्रोटेक्शन एंड माइग्रेशन सुश्री मिलन किडाने, प्रमुख, चाइल्ड प्रोटेक्शन, यूनिसेफ इंडिया कंट्री ऑफिस शर्मिला रे, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ इंडिया कंट्री ऑफिस श्री लोलिचेन पी.जे., चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट तथा श्री गोविंद बेनीवाल, चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर, यूनिसेफ मध्य प्रदेश कार्यालय शामिल रहे।



जिले में बाल विवाह के मामलों में आई उल्लेखनीय कमी

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) एवं एनएफएचएस-6 के आंकड़ों के अनुसार, राजगढ़ जिले में 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की उन महिलाओं का अनुपात, जिनका विवाह 18 वर्ष की आयु से पहले हुआ था, 46 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत रह गया है। यह जिले में बाल विवाह की रोकथाम की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणामों को रेखांकित करता है। इस प्रगति को स्थायी सामाजिक बदलाव में परिवर्तित करने के लिए निरंतर जनजागरूकता, किशोर-किशोरियों का सशक्तिकरण, समुदाय की सक्रिय भागीदारी, जोखिमग्रस्त बच्चों की समय पर पहचान तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा व पुलिस अधीक्षक तोलानी से की मुलाकात



भ्रमण के प्रथम चरण में यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले से कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात की। बैठक में जिले में संचालित बाल संरक्षण एवं परिवार सशक्तिकरण संबंधी प्रयासों, बाल विवाह की रोकथाम की रणनीतियों तथा आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान जोखिमग्रस्त बच्चों एवं परिवारों की समय रहते पहचान करने, उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने तथा प्रशासन, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायतों के समन्वित प्रयासों को प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और किशोर-किशोरियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर बाल संरक्षण तंत्र को और सुदृढ़ बनाने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बनानिया ग्राम पंचायत में किशोरों व युवाओं से किया संवाद

प्रतिनिधिमंडल ने बनानिया ग्राम पंचायत का भ्रमण कर बनानिया सहित तीन अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचायत सचिवों, शिक्षकों, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों तथा किशोरों एवं युवाओं से संवाद किया। इस दौरान बाल विवाह के सामाजिक कारणों, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा की निरंतरता तथा बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के निर्माण में स्थानीय समुदाय की भूमिका पर चर्चा की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में बाल अधिकारों एवं सुलभ न्याय पर मंथन

भ्रमण के अंतिम चरण में प्रतिनिधिमंडल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवदत्त ने की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलिमा देवेदत्त ने भी अपने विचार साझा किए। बैठक में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न शासकीय विभागों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों के संरक्षण तथा हिंसा से प्रभावित बच्चों को सुलभ, संवेदनशील एवं बाल-केंद्रित न्याय उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा की गई।

समन्वित प्रयासों से सुरक्षित बचपन की दिशा में बढ़ेंगे कदम

यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल का राजगढ़ जिले का भ्रमण बाल संरक्षण को प्रशासन, परिवार, समुदाय, ग्राम पंचायत, विद्यालय एवं न्यायिक व्यवस्था की साझा जिम्मेदारी के रूप में सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा। भ्रमण के दौरान विभिन्न स्तरों पर हुए संवाद में बाल विवाह की रोकथाम, किशोर-किशोरी सशक्तीकरण, परिवारों को मजबूत बनाने तथा हिंसा से प्रभावित बच्चों को न्याय एवं संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता सामने आई। बच्चों के सुरक्षित भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता तथा विभिन्न संस्थाओं के बीच प्रभावी समन्वय के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

चल समारोह के दौरान हादसा

वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय बालिका गंभीर घायल हुई



हादसे के बाद वाहन सहित चालक मौके से फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीपस्थ संडावता मार्ग स्थित ग्राम जमुनागंज में सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से 10 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद वाहन सहित चालक मौके से फरार हो गया। घायल बालिका को परिजन तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, ग्राम जमुनागंज में बंजारा समाज के रूपसिंह महाराज बालाजी मंदिर के बोर्ड स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। कार्यक्रम के तहत गांव में चल समारोह निकाला जा रहा था। इसी दौरान पड़ल्या माता की ओर से आ रही क्रेटा कार ने 08 वर्षीय रिया पिता ईश्वर सुरावत, निवासी जमुनागंज, को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालिका गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी।

ग्रामीणों ने वाहन रोकने का किया प्रयास

हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने वाहन चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह कार लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। खबर लिखे जाने तक बालिका रिया की हालत गंभीर बताई जा रही थी। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक की पहचान और हादसे के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

आकर्षक एवं मनमोहक गरबों की प्रस्तुतियों के साथ हो रही माता की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गांधी नगर स्थिति नव दुर्गा गरबा समिति द्वारा भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन अपार उत्साह के साथ किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन माताओं एवं बहनों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक और मनमोहक गरबों की प्रस्तुतियाँ दी जा रही हैं, जिससे संपूर्ण प्रांगण भक्तिमय माहौल से सराबोर है। नवरात्रि पर्व के तीसरे दिन माँ दुर्गा की महाआरती का में भाजपा के वरिष्ठ नेता मदनलाल राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली एवं भाजपा युवा नेता बंटी चौहान उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, समिति के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में





मौजूद श्रद्धालु भक्तों ने मिलकर माता रानी की आरती की और सभी के सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व हमारी सनातन संस्कृति, अटूट आस्था और नारी शक्ति की आराधना का अनुपम प्रतीक है। गरबा महोत्सव जैसे आयोजन न केवल समाज को एकता के सूत्र में बांधते हैं, बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को अपनी समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का भी एक अत्यंत सराहनीय प्रयास हैं। इस दौरान अतिथि स्वागत समिति संरक्षक कुशाल सिंह शक्तावत, राजेंद्र सिंह राणा, राजेंद्र सिंह राणावत, गोवर्धन सिंह सोलंकी, मनोहर लाल चौहान, मार्गदर्शक रघुवीर सिंह देवड़ा, के सी शर्मा, प्रेमचंद बामणिया, बालमुकुंद दुबे, सत्यनारायण राव, मदन मालवीय, अशोक गौड, धर्मपाल सिंह देवड़ा, जगदीश शर्मा, अध्यक्ष रामनारायण प्रजापति, उपाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी, भोला भारती सोनी, सुरेश जोशी, जगदीश मालवीय, कोषाध्यक्ष सुनील बसेर, सचिव रतन लाल चौहान, सह सचिव पूरनमल प्रजापति, संचालनकर्ता हस्तीमल सांखला, जितेंद्र सिंह सोलंकी, व्यवस्थापक मुकेश गुर्जर, नवीन तिवारी, बिंदुपाल सिंह राठौर तथा सदस्य सुरेश शर्मा, बाबूलाल डांगी, भेरूलाल सांवरा, विजेंद्र सिंह चुण्डावत एवं सुरेंद्र सिंह ने किया।

शारदीय नवरात्रि का पर्व

नवयुवक उत्सव समिति ने की मां बीजासन की प्रतिमा स्थापित



> श्रद्धालु माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर तलेनी में नवयुवक उत्सव समिति के तत्वावधान में मां बीजासन माता की छवि स्वरूप प्रतिमा की स्थापना की गई। नवरात्रि के अवसर पर माता की प्रतिमा स्थापित होने से गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी नागरिकों और श्रद्धालुओं से नवरात्रि के दौरान तलेनी पहुंचकर मां बीजासन माता के दर्शन करने तथा पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की आराधना, भक्ति और आस्था का प्रतीक है। इन दिनों श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस धार्मिक आयोजन में पवन पुष्पद, रवि पुष्पद, अजय पुष्पद, विशाल पुष्पद, राहुल पुष्पद, मनीष पुष्पद, सोनू पुष्पद, रोहित पुष्पद, दीपक पुष्पद, संदीप पुष्पद, राजा पुष्पद, पंकज पुष्पद, सुमित, आदेश पुष्पद, निर्मल पुष्पद, जय पुष्पद सहित समस्त फूलमाली समाज का सहयोग एवं सहभागिता है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से माता के दर्शन के लिए पधारने का कहा है।

खबर संक्षेप

संतों व दीन-दुखियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्यकर्म : प्रत्यक्षरत्नविजय

मंदसौर। जीवन में संतों व दीन दुखियों की सेवा से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। धर्मबिन्दू ग्रंथ में शास्त्रकार श्री हिरसूरिश्वरजी म.सा. ने अतिथि सेवा व दिन सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कहा है। धर्मबिन्दू शास्त्र के अतिथि से तात्पर्य मेहमान से नहीं बल्कि ऐसे साधु साध्वी जिनके लिए सभी तिथियां पर्व तिथि के समान हो उसे अतिथि अर्थात संत माना गया है। जीवन में जब भी किसी श्रावक श्राविका को अवसर मिले संत सेवा व दिन दुखियों की सेवा में अग्रणी रहना चाहिए। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयी म.सा. ने कहे। आपने बुधवार को यहां धर्मसभा में कहा कि जीवन में पाप कर्म व पुण्य कर्म दोनों का जो बैलेंस होता है वह हमारे जीवन को प्रभावित करता है। जब मनुष्य का पुण्य कर्म प्रबल होता है तो समय उसका साथ देता है और वह सफलता प्राप्त करता है। जीवन में जब पुण्य कर्म का बैलेंस कम हो जाता है तथा पाप कर्म का बैलेंस बढ़ जाता है तो उसका जीवन दुख भरा व कठिन हो जाता है। शास्त्रकार हिरसूरिश्वरजी म.सा. ने सामान्य धर्म पर चर्चा करते हुए धर्मबिन्दू ग्रंथ में बताया है कि मनुष्य ने अपनी स्थिति विचित्र कर दी है उसे स्वयं की नहीं बल्कि दूसरे की चिंता रहती है। उसे स्वयं क चिंता ही होती तो मनुष्य पुण्य कर्म के बैलेंस को बढ़ाता पाप कर्म के बैलेंस को नहीं।

जल संसाधन विभाग के तालाबों से एक लाख 65 हजार से अधिक हेक्टेयर में रबी सिंचाई की जाएगी

मंदसौर। जिले में वर्ष 2026-27 में रबी फसलों के लिए एक लाख 65 हजार 87 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी। उक्त जानकारी बुधवार को आयोजित जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में दी गई। बैठक में सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विजेंद्र सिंह डोडवे आदि उपस्थित थे। बैठक में विधायक डंग ने शामगढ़ सिंचाई परियोजना तथा कृषक हित में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए। डंग ने कहा कि रबी के दौरान सिंचाई के लिए किसानों को प्रत्येक संभव मदद दी जाए किसानों को कोई दिक्कत नहीं हो। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने जल संसाधन विभाग को सुनियोजित ढंग से कार्य योजना तैयार करके रबी सिंचाई में किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कार्यपालन यंत्री डोडवे ने बताया कि वर्ष 2026-27 में जिले में रबी फसलों के लिए चार सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं से 1 लाख 25 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की जाएगी।

जीवन में ब्रह्मचर्य का महत्व समझोः विरल विजयजी

मंदसौर। शांतसुधारक शास्त्र में उपाध्याय श्री विनय विजयजी म.सा. ने धर्म के चार प्रकार बताते हुए शील अर्थात ब्रह्मचर्य का महत्व बताया है। दान के बाद धर्म का सबसे महत्वपूर्ण स्वरूप है शील अर्था ब्रह्मचर्य। मानवी को अपने जीवन में ब्रह्मचर्य का महत्व समझना चाहिए। शास्त्रकार ने पर स्त्री गमन व पर पुरुष से दूर रहने वाली स्त्री को भी ब्रह्मचर्य का पालन करने वाला बताया है। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. ने कहे। आपने बुधवार को यहां धर्मसभा में कहा कि जैन धर्म में 16 सतियों के ब्रह्मचर्य को अद्भुत बताया गा है। पर स्त्री व पर पुरुष का स्वप्न में भी ख्याल नहीं लाने वाले ही वास्तव में ब्रह्मचर्य कहलाने के योग्य है पतिव्रता स्त्री जो होती है वह अपने पति का सुख दुख दोनों में साथ देती है। जहां ब्रह्मचर्य है वही सुखी जीवन है। ब्रह्मचर्य को मोक्ष के पाने का मार्ग बताया है जीवन में पर स्त्री या पर पुरुष के प्रति कोई मोह नहीं रखना चाहिए अपनी पत्नि या पति को छोड़कर जो भी संबंध बनता है वह व्यभिचार की श्रेणी में आता है इसलिए ऐसे संबंधों से प्रत्येक विवाहित स्त्री या पुरुष को दूर रहना चाहिए। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

विधायक मुकेश टंडन ने सुनीं जनसमस्याएं

विदिशा। भाजपा कार्यालय में मंगलवार को विदिशा मुकेश टंडन ने भाजपा के सहयोग सेल के माध्यम से नागरिकों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, नागरिकों और व्यापारियों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक टंडन ने आवेदकों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिला भाजपा संगठन की ओर से सहयोग सेल में मुकेश चौकसे और डॉ. राहुल जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार गुप्ता, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री, सुरेंद्र चौहान, संतोष पेंटर और कौशल अहिरवार सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे। भाजपा संगठन के अनुसार सहयोग सेल जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है। इसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान कराना संगठन की प्राथमिकता है।

दशपुर रंगमंच ने सुरमई शाम में दी गायक किशोर कुमार को स्वरांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



नगर की प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच द्वारा संगीतमय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महान एवं प्रसिद्ध गायक स्व. किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर उनके अमर गीतों के माध्यम से उन्हें भावांजलि व स्वरांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने किशोर दा के एक से बढ़कर एक सदाबहार नगमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीतमय संध्या का शुभारंभ सतीश सोनी द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय गीत 'दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ा' से हुआ। इसके पश्चात आबिद शाह ने भावपूर्ण स्वर में 'जिन्दगी का सफर है ये कैसा सफर' प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्याम गुप्ता ने 'ओ हंसिनी कहां उड़ चली', ललिता मेहता ने 'ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना' और आशा तरवेचा ने 'मेरे दिल में आज क्या है' गीत गाकर समां बांध दिया।

इसी श्रृंखला में लोकेन्द्र पाण्डे ने 'रात कली एक ख्वाब में आई', डॉ. निलेश नगायच ने 'कोई रोको न दीवाने को' तथा पूजा डुग्गड़ ने 'जिन्दगी के सफर में गुजर जाते है जो मुकाम' की सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं स्वाती रिछावरा ने 'हमें और जीने की चाहत न होती', मीना जैन ने 'किसी शायर की गजल ड्रीम गर्ल' और रौनक मिण्डा ने 'घुंघरू की तरह बजता ही रहा हूँ मैं' गाकर खूब तालियां बटोरीं। संध्या के अंतिम चरण में अभय मेहता ने 'बेकरार दिल', दक्ष पाण्डे ने 'चेहरा है या चाँद खिला', राजा भैया सोनी ने 'तेरे जैसा यार कहां' और पायल कियावत ने 'ओ मेरे दिल के चैन' जैसे गीतों की संगीतमय प्रस्तुतियां देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन आबिद शाह ने किया।

मां चंद्रघंटा का विधिवत पांच उपचार से पूजन किया

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा की सानिध्य में नवरात्रि के चलते तृतीय दिवस के अवसर पर मां चंद्रघंटा का विधिवत पांच उपचार से पूजन किया गया एवं श्री सूक्त के पाठ से श्रद्धालुओं द्वारा पूजन करवाया गया तथा कवच अर्गला कीलक स्रोत का पाठ किया गया। कार्यक्रम में तीन कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया तथा अन्य कन्या ब्राह्मणों का आदर सत्कार किया गया। कन्या पूजन का सौभाग्य धर्मेंद्र यादव को प्राप्त हुआ एवं सीताराम ने पूजन करवाया। यहां पर प्रतिदिन कन्याओं का पूजन तिथि के अनुसार किया जाता है मार्कंडेय पुराण के अनुसार उन्होंने बताया कि मां दुर्गा जी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन आराधन किया जाता है इनका यह स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है इनकी मस्तक में घंटा के आकार का अर्ध चंद्र है।

दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब ने टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, नवकार वारियर्स बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब, मंदसौर द्वारा बीसी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टूर्नामेंट की सबसे खास बात यह रही कि इसमें 12 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई थी। बच्चों से लेकर युवाओं और वरिष्ठ खिलाड़ियों तक, सभी ने एक ही मंच पर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह टूर्नामेंट केवल क्रिकेट प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि समाज की एकता, आपसी प्रेम, पारिवारिक जुड़ाव और खेल भावना का अनूठा उदाहरण बना। मैदान पर चाचा-भतीजा, मामा-भांजा, बाप-बेटे और साला-जीजा जैसी जोड़ियों ने एक साथ खेलकर आयोजन को यादगार बना दिया। विशेष रूप से 12 वर्ष की उम्र के बच्चों ने भी अपने शानदार खेल से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में लोकेन्द्र जैन (अध्यक्ष, सकल जैन समाज एवं बीसा पोरवाल समाज, मंदसौर), मोहनलाल रिछावरा (अध्यक्ष, बीसा पोरवाल वैष्णव समाज, मंदसौर), प्रमोद जैन (पूर्व सीएमओ एवं अध्यक्ष, आदिनाथ ट्रस्ट मंडल, तलेरा विहार, मंदसौर), रितेश भगत (अध्यक्ष, दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप, मंदसौर), पवन जैन एचएम (सचिव, बीसा पोरवाल समाज, मंदसौर), संजय जैन विक्रम प्रिंटर्स (उपाध्यक्ष, दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप, मंदसौर), तथा पियूष जैन पानवाला (कोषाध्यक्ष भाजपा उत्तर मण्डल मंदसौर) उपस्थित रहे। क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं संचालक मंडल के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

टूर्नामेंट में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ मुकाबले खेले। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नवकार वारियर्स और जैन सुपर किंग के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में नवकार वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जैन सुपर किंग उपविजेता रही। बेस्ट बेस्टमैन एवं प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार रजत जैन को तथा बेस्ट बॉलर का पुरस्कार शुभम पोरवाल को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर दशपुर बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब के मार्गदर्शक मनीष जैन एवं नरेंद्र जैन (अन्ना), संरक्षक रितेश पोरवाल (टीवीएस), संयोजक यतेंद्र जैन (मोनू), निवर्तमान अध्यक्ष शुभम पोरवाल (नंदावतावाला), अध्यक्ष विशाल जैन (अफजलपुर वाला), उपाध्यक्ष कपिल जैन (गरोठ वाला) एवं संयम जैन (भावगढ़ वाला), सचिव सन्नी जैन (डॉलर ऑटो पार्ट्स), कोषाध्यक्ष आयुष जैन (पानवाला) तथा प्रवक्ता सीए आशीष जैन एवं साथ ही संस्थापक समिति से पियूष जैन (नाहरगढ़वाला) उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

दुर्गावती आजीविका संकुल स्तरीय संघ की साधारण सभा आयोजित

सीहोर। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, विकासखंड सीहोर के अंतर्गत संचालित नारी शक्ति आजीविका सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में दुर्गावती आजीविका संकुल स्तरीय संघ की साधारण सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की सदस्य दीदियों, ग्राम संगठनों के अध्यक्षों एवं सचिवों तथा सीआरपी दीदियों सहित कुल 155 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरसिंह वारेला उपस्थित रहे। इसके साथ ही मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की सीहोर एवं मंडी शाखा के प्रबंधक तथा जनपद पंचायत सीहोर के ब्लॉक प्रबंधक जेएस गोयल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रबंधक जेएस गोयल ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के उद्देश्यों, गतिविधियों और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जुड़कर आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। सभा का मुख्य आकर्षण संकुल स्तरीय संघ की लखपति दीदियों द्वारा अपनी सफलता की कहानियां साझा करना रहा। दीदियों ने बताया कि स्व-सहायता समूहों से जुड़कर नियमित बचत, ऋण सुविधा और विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने अपनी आय में वृद्धि की है।

रोजगार मेले में युवाओं के सपनों को मिली नई उड़ान

एक ही स्थान पर मिले रोजगार के अवसर 186 युवाओं का कंपनियों में हुआ चयन

युवाओं के चेहरों पर खिली मुस्कान, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए रोजगार मेला उम्मीदों की नई किरण बनकर सामने आया है। आष्टा जनपद परिसर में आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा अलग-अलग पदों के लिए 186 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मिलने की खुशी से युवाओं के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। युवाओं के लिए यह मेला केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने चयनित सभी युवाओं को बधाई दी। जिला रोजगार कार्यालय सीहोर जनपद आष्टा में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। मेले में 327 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। इसमें शामिल 13 कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों के साक्षात्कार एवं चयन की प्रक्रिया संपन्न की गई, जिसमें 186 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। मंच से स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 58 लाख पचास हजार का लोन वितरित किया गया।

मेले में जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल ने युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन और कौशल विकास के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में इंडियन एयर फोर्स विंग कमांडर पीएस मूर्ति, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अनुराग वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। युवा संगम रोजगार मेले को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की आज यहा मेले में बड़ी संख्या में हमारे युवा उपस्तिथ है । हमारा देश,प्रदेश युवाओ का है । आने वाले भारत की आप ही के हाथों में बागडोर होगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में इस तरह के लगने वाले मेले युवाओ को रोजगार के नये नये अवसर प्रदान करेंगे। जब भी इस तरह के मेले लगे युवा आगे आये और रोजगार के अवसरों को छोड़े नही। आज का युवा ही देश का भविष्य है।

रोजगार मेले में शामिल युवाओं ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन उनके लिए बेहद उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। पहले नौकरी की तलाश में अलग-अलग कंपनियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। कई बार कंपनियों की भर्ती प्रक्रिया, रिक्त पदों और आवेदन की जानकारी नहीं मिल पाती थी। ऐसे में रोजगार मेले ने उनकी इस परेशानी को काफी हद तक आसान कर दिया है। एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलने, अपनी योग्यता बताने और साक्षात्कार देने का अवसर मिलने से युवाओं को काफी सहूलियत हुई।युवाओं ने कहा कि रोजगार मेले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां अलग-अलग क्षेत्रों की कंपनियों में नौकरी पाने के अवसर उपलब्ध होते हैं। इससे प्रत्येक युवा अपनी शैक्षणिक योग्यता, कौशल और रुचि के अनुरूप रोजगार का विकल्प तलाश सकता है। साक्षात्कार और चयन की प्रक्रिया भी सरल होने से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है। ऐसे आयोजनों से उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने और भविष्य के लिए बेहतर दिशा चुनने में मदद मिलती है। रोजगार मेले में 186 युवाओं का चयन होना इस बात का संकेत है कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण हैं।

नौकरी मिलने से युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने, परिवार की जिम्मेदारियों में सहयोग करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने का अवसर मिलता है। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को यह भरोसा मिला है कि सही मार्गदर्शन, अवसर और मेहनत के बल पर वे अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। युवाओं के लिए यह आयोजन रोजगार के साथ-साथ नई उम्मीदों, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ता कदम साबित हुआ। आयोजित रोजगार मेले में रोजगार कार्यालय के अधिकारियों की टीम,विभिन्न कम्पनियों के स्टॉल लगाये गया थे।

बाल बजरंग झंडा समिति ने निकाली चुनरी यात्रा

मां महिषासुर मर्दिनी को चढ़ाई चुनरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पिछले कई वर्षों से नगर में निकाल रहे बाल बजरंग झंडा समिति द्वारा इस वर्ष भी मां महिषासुर मर्दिनी को 51 फीट की चुनरी माता को चढ़ाई। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर जावर से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल एवं नगर के अन्य कई संगठनों के साथ मिलकर झंडा समिति ने चुनरी यात्रा प्रारंभ की जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर पर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह नगर वासियों ने मैया को चढ़ाने जा रही चुनरी का पूजन अर्चन किया एवं यात्रियों पर फूल बरसाए। मंदिर पहुंचने पर माता को चुनरी भेंट की। बाल बजरंग झंडा समिति के सभी सदस्य रविंद्र सिंह ठाकुर, यशवंत सिंह ठाकुर, कान्हा ठाकुर, मोनू ठाकुर एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे। विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर एवं जावर प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड सह मंत्री शिव प्रजापति, हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक जय नारायण राठौर भी यात्रा में सम्मिलित हुए।

उद्यमिता और नवाचार से आत्मनिर्भर बनें छात्राएं : डॉक्टर प्रमोद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में आयोजित तीन दिवसीय तकनीकी, नवाचार, करियर एवं उद्यमिता कार्यशाला के अंतिम दिवस उद्यमिता विकास, स्टार्टअप एवं करियर काउंसलिंग पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

इसमें TEDx स्पीकर एवं उद्यमिता विशेषज्ञ महेंद्र जोशी तथा एमएलएस की डायरेक्टर एवं करियर काउंसलिंग विशेषज्ञ अंकिता माहेश्वरी ने छात्राओं को उद्यमिता, स्वरोजगार, स्टार्टअप स्थापना, करियर प्लानिंग एवं व्यावसायिक अवसरों पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य छात्राओं को रोजगार योग्य बनाने के साथ-साथ उनमें नवाचार, उद्यमशीलता एवं रोजगार सृजन की क्षमता विकसित करना भी है। तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल के माध्यम से छात्राएं स्वयं का उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने के साथ अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर सकती हैं। कार्यशाला के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज जैन ने कहा कि छात्राओं को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप की संभावनाओं से परिचित कराना वर्तमान तकनीकी शिक्षा की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

कार्यशाला में उद्यमिता एवं नौकरी के बीच तुलनात्मक विश्लेषण, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, जोखिम आकलन, शासन की स्टार्टअप योजनाओं तथा व्यवसाय स्थापना की रणनीतियों पर चर्चा की गई। विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों एवं सहभागितापूर्ण प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं को नवाचारी विचार विकसित करने, समस्याओं के समाधान खोजने तथा अपने कौशल को व्यावसायिक अवसरों में बदलने के लिए प्रेरित किया गया।

दो दिवसीय जयश्री महोत्सव भजन संध्या का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नवरात्रि पर्व के अंतर्गत जयश्री महोत्सव 2026 के तहत स्थानीय मानस भवन में जयश्री भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रथम दिन अनुष्का-अधिष्ठा के व दूसरे दिन भजन गायिका आशा वैष्णव के भजनों की प्रस्तुति सम्पन्न हुई। समापन द्वितीय दिवस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जयश्री परिवार व कार्यक्रम के विशेष वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, डॉ सीबी साहू, दीक्षा सोनू गुणवान, हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा, ललित नागोरी, ऋतु जैन, अंजलि विशाल चौरसिया, पत्रकार सुधीर पाठक, सुशील संचेती, नरेंद्र गंगवाल, नारायणसिंह भुरू मुकाती की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। समापन कार्यक्रम में जयश्री परिवार के सभी सदस्यों ने सभी मंचासीन अतिथियों का माता रानी की चुनरी एवं पुष्प माला पहनकर स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने माता रानी के सभी भक्तों को नवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए शक्ति स्वरूपा मां अंबे रानी से प्रार्थना की कि माताराणी की सब पर कृपा बनी रहे। सभी ओर खुशहाली हो, हरियाली हो, संपन्नता हो। सभी के यह भंडार भर रहे यही कामना करता हूं।

इस अवसर पर आष्टा नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा ने भी भजन संध्या कार्यक्रम को संबोधित किया । कार्यक्रम शुभारम्भ के बाद भजन संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका आशा वैष्णव द्वार गाये गये भजनों ने मानस भवन के प्रांगण को मंत्रमुग्ध कर दिया भजनों का कार्यक्रम देर रात तक चला वंदेमातरम के साथ भजन संध्या सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन कुशलपाल लाला ने व आभार एडवोकेट अक्षिता सोनी ने व्यक्त किया। भजन संध्या में महेन्द्रप्रताप सिंह किरार,दामोदर गुप्ता, आकाश अमलकर, पुष्पेन्द्रसिंह राठौर, रमनसिंह ठाकुर सहित हजारों नागरिक, मातृशक्ति, अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार, व्यापारी, सामाजिक संगठनों, महिला मंडलों की सदस्या सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्तिथ रहे।

बेघर आदिवासियों को दिया समर्थन

सीहोर। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष इंदिरा भील के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को ग्राम कोसमी के पीड़ित आदिवासी परिवारों को समर्थन दिया। सपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने वन विकास निगम की कार्यवाही को घोर अत्याचार बताया। जिला अध्यक्ष इंदिरा भील ने धरना स्थल पर पहुंचकर कहा कि आदिवासियों की हक की लड़ाई अंतिम समय तक लड़ी जाएगी जब तक आदिवासियों को न्याय नहीं मिलेगा समाजवादी पार्टी सीहोर जिले में आंदोलन करेगी। सपा जिलाध्यक्ष भील ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, मजदूरों, गरीबों, अल्पसंख्यक, आदिवासियों पर अत्याचार कर रही है। बरसों से भूमि पर रह रहे आदिवासियों को बेघर किया जा रहा है और उनकी फसलों को भी नष्ट किया जा रहा है।

कायाकल्प अभियानः स्वास्थ्य सेवाओं का हुआ असेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण पहल कायाकल्प अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जावर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं का विस्तृत असेसमेंट किया गया।

इस दौरान जिला स्तर से आए अधिकारियों की टीम ने अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का बिंदुवार एवं बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। असेसमेंट के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल के विभिन्न विभागों, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, रिकॉर्ड संधारण, दवा वितरण व्यवस्था तथा मरीजों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।

साथ ही अस्पताल परिसर की स्वच्छता, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं के निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालन का भी आकलन किया गया। कायाकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, गुणवत्ता एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था को मजबूत करना है।

इस अभियान के माध्यम से अस्पतालों में साफ-सफाई बनाए रखने, संक्रमण की रोकथाम करने, मरीजों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर में निरंतर सुधार लाने पर विशेष जोर दिया जाता है। जिला स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की। स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने, निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक बिंदुओं का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर सीएचसी जावर में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई।

अधिकारियों ने अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मियों को उनके कार्यों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पण, जिम्मेदारी और टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सीएचसी जावर की टीम के लिए यह असेसमेंट स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार और उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। अस्पताल प्रबंधन एवं समस्त स्वास्थ्यकर्मियों का प्रयास है कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधाओं का लाभ मिल सके। कायाकल्प अभियान के अंतर्गत इस प्रकार के निरीक्षण न केवल स्वास्थ्य संस्थानों की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करते हैं, बल्कि कर्मचारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। सीएचसी जावर में आयोजित यह असेसमेंट स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित हुआ।

भक्तों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर में मंगलवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर हिंदू धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से श्रीराम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। संत रामदास बाबा की तपस्थली श्रीराम मंदिर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर धर्म, आस्था और भक्ति का संदेश दिया। जयनारायण राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ना तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना रहा। स्मित मच्छार के उत्तम स्वास्थ्य के लिए की प्रार्थना इस धार्मिक आयोजन के दौरान भारत के गौरव एवं हिंदू हृदय स्मित मच्छार के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए हनुमान जी से विशेष प्रार्थना की गई। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी से उनके शीघ्र स्वस्थ होने तथा देश और समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि बनाए रखने की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन सभी सनातन धर्मी राष्ट्रभक्तों एवं जावर के ज एकता, संस्कारों और सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

कवि व साहित्यकार डॉ. प्रशांत का नाम द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल

75 घंटे से अधिक गीत-पाठ कर बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के कवि एवं साहित्यकार डॉ. प्रशांत जामलिया ने एक बार फिर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। गत 5 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश की 'छोटी काशी' के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में 'कपिलश फाउंडेशन' द्वारा आयोजित गीतों के मैराथन कार्यक्रम (75 घंटे से अधिक अनवरत गीत पाठ) में उन्होंने सहभागिता कर अपना नाम 'द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज करवाया। इससे पूर्व भी डॉ. प्रशांत जामलिया ने उज्जैन में आयोजित 'ठहाका 2025' हास्य कविता कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर अपना नाम दर्ज कराया था।

उत्तर प्रदेश की धरती पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में कपिलश फाउंडेशन द्वारा कई अन्य रिकॉर्ड भी बनाए गए। संस्था साहित्य के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने के लिए प्रयासरत है।अपनी इस उपलब्धि पर बातचीत करते हुए डॉ. प्रशांत जामलिया ने कहा कि ₹द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड₹ में नाम दर्ज होने पर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनके नाम अब तक दो वर्ल्ड रिकॉर्ड हो चुके हैं, और आगामी समय में वे अपना नाम ₹गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स₹ में दर्ज कराने के लिए अपनी प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। उनका उद्देश्य अपने माता-पिता, समाज और आष्टा नगर का नाम देश-दुनिया में रोशन करना है।

साल में एक बार शारदीय नवरात्रि में खुलते हैं भराड़ी माता मंदिर के पट



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

तहसील जावर में एक ऐसा भी मंदिर है जिसके पट साल में सिर्फ एक बार खुलते हैं। इतना ही नहीं इस मंदिर में सेंधव जाती के एक गोत्र विशेष के लोग ही प्रवेश कर सकते हैं। ग्राम कर्मन खेड़ी में स्थित भराड़ी माता के नाम से प्रसिद्ध है। यह मंदिर सेंधव जाति के परेता झोरड़ गोत्र के लोगों का है। इस मंदिर के पट शारदीय नवरात्रि में अष्टमी की रात को खोले जाते हैं और नवमी के दिन पूजा की जाती है। नवमी के दिन भराड़ी माता के यहां दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु आते हैं। गांव के अरविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम कर्मन खेड़ी में स्थित माता मंदिर जो कि मां आशापुरी के नाम से भी जाना जाता है। यह एक ऐसा मंदिर है की जहां सिर्फ परेता झोरड़ गोत्र के लोग ही अंदर प्रवेश कर सकते हैं।मां आशापुरी मंदिर कर्मन खेड़ी में रोज अलग-अलग गांव से होती है महाआरती।